आम के बागीचे में फंदे से लटका मिला 17 वर्षीय किशोर का शव

परतावल आज। थाना क्षेत्र के बभनौली बुजुर्ग के टोला कांटी में शनिवार को सुबह 17 वर्षीय किशोर का शव घर के पीछे आम के बागीचे में साड़ी के फंदे से

❖परिवार में मचा कोहराम

लटकता मिला। मृतक की पहचान रिंकेश के रूप में हुई है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।रिंकेश नगर पंचायत पनियरा स्थित एक विद्यालय में कक्षा नौ का छात्र था। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार रात खाना खाने के बाद वह घर में सोया था। रात करीब तीन बजे मां मीरा की नींद खुली तो रिंकेश बिस्तर पर नहीं मिला। तलाश के दौरान घर के पीछे बागीचे में उसका शव फंदे से लटका दिखाई दिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से उसे नीचे उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक सात भाइयों में सबसे छोटा था। पिता गंगा पासवान की तीन वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

15 शीशी नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

खनुआ आज। सोनौली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सोनौली थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना क्षेत्र के श्यामकाट बागीचे के पास पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मिले लक्ष्मीनगर निवासी विजय सहानी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है।

परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में धूमधाम से मना बाल दिवस

आनंदनगर आज। परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में शनिवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक भारती ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद बच्चों में चॉकलेट वितरित की गई। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1964 में नेहरू के निधन के बाद उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था। बच्चों के प्रति नेहरू के विशेष स्नेह के कारण उन्हें चाचा नेहरू कहा जाता था। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार ने नेहरू के राजनीतिक जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लिया और असहयोग आंदोलन के दौरान दो बार जेल गए।इस अवसर पर डॉ. नईम, डॉ. मुरलीधर जायसवाल, डॉ. वशवंत सिंह, डॉ. सतीश, संजय विश्वकर्मा, दुर्गेश सिंह सहित महाविद्यालय के प्रवक्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।



छः उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, एसपी ने जारी किया स्थानांतरण आदेश

महराजगंज आज। जनहित एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने शनिवार को छह उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया। स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार चौकी प्रभारी कस्बा पनियरा पंकज यादव को चौकी प्रभारी धानी थाना बृजमनगंज बनाया गया है। भगवानपुर चौकी प्रभारी अजय कुमार को सोनौली चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सोनौली चौकी प्रभारी नरेंद्र पटेल को भगवानपुर चौकी भेजा गया है।इसी क्रम में पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण देव को चौकी प्रभारी नगर थाना कोतवाली बनाया गया है। नगर चौकी प्रभारी विजय गौड़ को थाना कोतवाली में तैनाती दी गई है। वहीं फरेंदा थाने में तैनात उपनिरीक्षक सौरभ कुमार को चौकी प्रभारी मिठौरा थाना सिंदुरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

झूलनीपुर-खड्डा नहर मार्ग पर नहर की पटरी पर उतरी कार, टला बड़ा हादसा

झूलनीपुर (महराजगंज)। निचलौल थाना क्षेत्र के झूलनीपुर-खड्डा नहर मार्ग पर बढ़या पुल के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित कार नहर की पटरी पर उतर गई। कार की स्थिति देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कार नहर में गिरने से बाल-बाल बच गई और बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने कार को नहर में गिरने से बचा देखकर राहत की सांस ली। हालांकि, कार किस वजह से अनियंत्रित होकर नहर की पटरी तक पहुंची, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।इस घटना ने नहर मार्ग पर वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

एएसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

महराजगंज आज। छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने भिटौली थाना क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।एएसपी ने परसा खुर्द और लक्ष्मीपुर देउरवा स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, घाटों पर भीड़ प्रबंधन और आवागमन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहें। महराजगंज पुलिस की ओर से पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

छठ पूजा पर महराजगंज नगर में दो दिन रहेगा रूट डायवर्जन, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

महराजगंज। छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं जाममुक्त संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। 15 और 16 नवंबर को निर्धारित समय तक भारी एवं व्यावसायिक वाहनों का नगर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।पुलिस के अनुसार 15 नवंबर को सुबह 10 बजे से रात नौ बजे तक तथा 16 नवंबर को सुबह तीन बजे से 10 बजे तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए सिन्दुरिया, शिकारपुर, झंझनपुर और पकड़ी चौको पर नो-इंट्री एवं डायवर्जन प्वाइंट बनाए गए हैं।पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों का पालन करने और प्रतिबंधित अवधि में नगर क्षेत्र में भारी वाहन नहीं लाने की अपील की है। हालांकि, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। उनकी आवाजाही सामान्य रूप से जारी रहेगी।

मोबाइल टावरों और पानी की टंकियों पर चढ़ने के मामलों में 11 मुकदमे दर्ज, पुलिस ने की कार्रवाई

महराजगंज आज। अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर मोबाइल टावरों एवं पानी की टंकियों पर चढ़ने की घटनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। वर्ष 2026 में ऐसी घटनाओं के संबंध में जिले के विभिन्न थानों में कुल 11 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार कोतवाली, भिटौली, पुरंदरपुर, नौतनवा, सोनौली, निचलौल और चौक थाने में एक-एक मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं फरेंदा और परसामलिक थाने में दो-दो मुकदमे पंजीकृत हुए हैं।पुलिस का कहना है कि ऊंचे स्थानों पर चढ़ने से संबंधित व्यक्ति की जान को खतरा रहता है। साथ ही मौके पर भीड़ जुटने से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। ऐसी सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर संबंधित व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करती है।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क करें और आपात स्थिति में डायल-112 की मदद लें।

नेहरू जयंती पर मनाया गया बाल दिवस

सिसवामुंशी आज। सूर्य नारायण सिंह कन्या इंटर कॉलेज भिटौली बाजार में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती के अवसर पर बाल दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शरद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू के योगदान तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यों और नीतियों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू सरल हृदय और दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका मानना था कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनके माध्यम से बेहतर राष्ट्र का निर्माण संभव है। बच्चों को साहसी बनकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। साथ ही समावेशी एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र निर्माण के उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या राधा गुप्ता सहित शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मिठौरा आज।सिन्दुरिया पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ सिविल जज (प्रवर खण्ड), त्वरित न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त कमलेश यादव पुत्र मुकुरधुन निवासी ग्राम कसमरिया उम्र करीब 42 वर्ष को ग्राम कसमरिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष अनुप तिवारी ने दी।

पत्रकार सत्येंद्र मणि त्रिपाठी को पितृशोक

सिसवा मुंशी आज। हिंदी दैनिक आज एवं सम्राट टीवी के पत्रकार सत्येंद्र मणि त्रिपाठी के पिता कैलाश मणि त्रिपाठी (85) का शनिवार सात नवंबर की रात करीब डेढ़ बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारों और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। कैलाश मणि त्रिपाठी महराजगंज कृषि विभाग में कर्मचारी रहे थे और सेवानिवृत्त होने के बाद परिवार के साथ रह रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार आठ नवंबर को अयोध्या स्थित सरयू घाट पर किया गया। उनके निधन पर पत्रकार संगठनों एवं गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की।परिजनों के अनुसार दिवंगत कैलाश मणि त्रिपाठी का ब्रह्मभोज कार्यक्रम 18 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

केडी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मिठौरा (महराजगंज)।आज। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को नंदाभार स्थित केडी



स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुकेश सिंह एवं सुदर्शन प्रसाद ने संयुक्त रूप से वॉलीबॉल पर प्रहार कर किया। इस वर्ष खेल महोत्सव की थीम %एकता और अनुशासन का खेल% रखी गई।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान 200 मीटर दौड़, स्लो साइकिल रेस, मकड़ी दौड़, खो-खो और वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। 200 मीटर दौड़ में इमरान, सालिनी, प्रिंस, डिंपल, अंकित और सृष्टि ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस में किशान, मलोनी, अजलान और अनन्या विजेता रहे। मकड़ी दौड़ में दिव्यांश, सत्यम, साधना और अपेक्षा ने बाजी मारी। खो-खो में प्राथमिक स्तर पर कक्षा पांच और जूनियर स्तर पर कक्षा आठ की टीमें विजेता रहीं। वॉलीबॉल में कक्षा आठ की टीम ने जीत दर्ज की।अतिथियों ने कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। प्रबंधक विपिन श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान प्रधानाचार्य एसके साहनी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

निचलौल आज। थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी शिवकुमार पुत्र रघुनाथ ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 10 नवंबर को सुबह करीब सात बजे छैबर पुत्र अलगू, धर्मराज पुत्र देवा और पृथ्वीराज ने लामबंद होकर लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी चोगेंद्र राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों के विरुद्ध मारपीट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बच्चों को अधिकार दिलाने और बाल तस्करी रोकने में जुटी पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति

निचलौल आज। बाल अधिकारों के संरक्षण और बच्चों को उनका हक दिलाने के लिए पूर्वांचल ग्रामीण सेवा



समिति जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। संस्था के शाजी जोसेफ ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को जीवन, विकास, संरक्षण और सहभागिता का अधिकार प्राप्त है। इसके तहत बच्चों को पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षित आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेलकूद के अवसर मिलना जरूरी है। साथ ही बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और हिंसा से उनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। बताया कि संस्था बाल तस्करी रोकने और बाल श्रम मुक्त समाज बनाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। विश्व बाल दिवस 2026 की थीम 'मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य' के तहत 14 से 20 नवंबर तक बाल अधिकार सप्ताह मनाया जाएगा। नुक्कड़ नाटक, संवाद और बैठकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। बच्चों की सहायता के लिए हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी भी दी जा रही है।

छठ पूजा की पूर्व संध्या पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

निचलौल (आज)।नगर निचलौल के सैक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक छठ पूजा के पूर्व संध्या पर मनमोहक प्रस्तुति दी।कक्षा पांच व कक्षा चार व कक्षा छः के छात्र व छात्राओं ने लोक आस्था के महान पर्व को मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।छठ गीतों से पूरा विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा।जोड़े जोड़े फलवा,पहिले पहिले छठ के बरतिया आदि गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।व इसी से संबंधित नृत्य भी प्रस्तुत की।पूरे कार्यक्रम को बेहतर ढंग से प्रस्तुत व तैयार कराने में मुख्य रूप से मुस्कान अग्रवाल, जया भट्ट,व दीक्षा पटेल की भूमिका सराहनीय रही।इन लोगों ने बच्चों को बेहतर ढंग से तैयार कर प्रस्तुति दिलाई।विद्यालय के प्रधानाचार्य ए ब्रिटो ने सभी छात्र व छात्राओं को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।व इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से कराने हेतु सभी शिक्षकों की सराहना की।व प्रबंधक जीएन त्रिपाठी ने सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।व इस तरह के सफल आयोजन की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

आरके सनशाइन एकेडमी में धूमधाम से मना बाल दिवस

महराजगंज आज। नगर के आजाद नगर स्थित आरके सनशाइन एकेडमी में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न



खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता ने फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, टॉफी रेस, बिस्किट रेस, स्पून रेस और गेट रेडी टू स्कूल सहित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। खो-खो में येलो और ग्रीन हाउस तथा कबड्डी में ब्लू और रेड हाउस संयुक्त विजेता रहे। अन्य प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों में फल, बिस्कुट, केक और फरूटो भी वितरित की गई।प्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने कहा कि बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

सैक्रेड हार्ट स्कूल में खेलकूद के साथ मना बाल दिवस

निचलौल। नगर स्थित सैक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधक जीएन त्रिपाठी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए फ्रॉग जंप, म्यूजिकल चेयर, जलेबी दौड़, सैक रेस, बैलून बैलेंस और 50 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में आकृत, पीशा, प्रतीक, अनुप्रिया, अमरीश, दीप्ति, अर्पित, ऋतिक, सिद्धार्थ, केशवी मिश्रा और यश पांडेय सहित कई बच्चों ने स्थान प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में जया भट्ट, सौम्या, प्रिया, रेखा, प्रजिला और सोनी का योगदान रहा।

सीता-राम विवाह में महिलाओं ने गाए मंगल गीत

पुरैना (महराजगंज)।आज। क्षेत्र के परसौनी बुजुर्ग गांव में मदन जायसवाल के आवास पर आयोजित सात दिवसीय



श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार की रात भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। पूरा पंडाल सियावर रामचंद्र की जय के जयघोष से गूंज उठा। कथाव्यास पंडित शिवकुमार मिश्र ने बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान श्रीराम ने शिवधनुष पिनाक तोड़ा, जिसके बाद माता सीता ने उन्हें वरमाला पहनाई। इस प्रसंग पर मंच पर राम-सीता विवाह की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। जयमाल के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक विवाह गीत और मोहर गाकर उत्सव का माहौल बना दिया।

कथाव्यास ने कहा कि राम विवाह प्रेम, त्याग और समर्पण का आदर्श है। इस अवसर पर यजमान सावित्री देवी, डॉ. संजय कुमार जायसवाल, मदन कुमार जायसवाल और जवाहर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मिठौरा । सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के बसंतपुर खुर्द गांव में छह नवंबर की रात हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 5,820 रुपये नकद और चोरी कंपनी का एक स्मार्टफोन बरामद किया है।थानाध्यक्ष अनुप तिवारी ने बताया कि चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान रामआशीष साहनी और दिनेश निवासी बिशुनाथपुर पड़वनिया का नाम सामने आया। शुक्रवार रात करीब 11:04 बजे पुलिस टीम ने दोनों को कुड़या-कंचनपुर से आगे बसंतपुर पुलिया के पहले नहर किनारे स्थित बगीचे के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में छह नवंबर की रात गांव में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात सामने आई। पुलिस के अनुसार, रामआशीष के खिलाफ पूर्व में पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जबकि दिनेश का आपराधिक इतिहास नहीं मिला है।

सामाजिक विकास में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा परतावल ब्लॉक, मिला एक करोड़

श्यामदेउरवा आज। सामाजिक विकास के क्षेत्र में परतावल ब्लॉक ने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शासन ने ब्लॉक को एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। यह उपलब्धि मार्च 2025 से मार्च 2026 तक के प्रदर्शन के आधार पर मिली है। प्रदेश के 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों की ओवरऑल और विषयगत डेल्टा रैंकिंग तैयार की गई थी। इसमें सामाजिक विकास के क्षेत्र में परतावल को दूसरा स्थान मिला। वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत धनराशि से सामाजिक विकास और संबंधित संकेतकों में सुधार के कार्य कराए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर नियोजन विभाग से सहमति ली जाएगी। निर्माण कार्यों के लिए स्थलीय निरीक्षण, आगणन और तकनीकी स्वीकृति अनिवार्य होगी। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की निगरानी होगी। जिलाधिकारी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करेंगे।

छठ महापर्व :वेदियों की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई में जुटे श्रद्धालु

झुलनीपुर (महराजगंज) आज। लोक आस्था और सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा को लेकर भारत-नेपाल सीमा से सटे झुलनीपुर, बहुआर, शीतलपुर और गेड़हवा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालु घरों से लेकर घाटों तक पूजा की वेदियों की साफ-सफाई, मरम्मत और रंगाई-पुताई में जुटे हैं। बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह है।व्रती महिलाओं को पूजा के दौरान असुविधा न हो, इसके लिए लोग अपने निर्धारित स्थानों पर वेदियों को आकर्षक रूप देने में लगे हैं। चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाय से शुरू होकर खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के साथ संपन्न होगा।महापर्व में व्रती महिलाएं डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। बांस के सूप, दउरा, मौसमी फल और ठेकुआ से सजे घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीतों के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठेगा। इस पर्व में समाज के सभी वर्ग मिलकर घाटों की व्यवस्था संभालते हैं।

लंबी दौड़ में बालकों में रामसूरत और बालिकाओं में पूनम प्रथम

सिसवाबाजार आज। महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में रोटरी क्लब निचलौल के तत्वावधान में बाल दिवस पर लंबी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया गया।

शुक्रवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ क्लब अध्यक्षा रो. कैप्टन मानवेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। पांच हजार मीटर सीनियर वर्ग में रामसूरत यादव ने प्रथम, रवि ने द्वितीय और फरियाद अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 2500 मीटर जूनियर वर्ग में करण शर्मा प्रथम, प्रदीप द्वितीय और आयुष तृतीय रहे। वहीं बालिकाओं की 2500 मीटर दौड़ में पूनम निषाद ने पहला, उमा माहनी ने दूसरा और प्रिया धापा ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के 110, जूनियर वर्ग के 30 और बालिका वर्ग की 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रोटरी क्लब के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

